हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 13 मई 2024

तापमान
अधिकतम 39 .8 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री

11 मां के चरणों में ही चारों धाम : कृष्णा शर्मा



12 राजकिशन ने रागनियों से लोगों की सोच बदली



## आंधी का कहर : शहर में कई जगह बिजली व पानी की किल्लत

# चिंतपूर्णी कॉलोनी के लोगों ने जानकी दास स्कूल के पास लगा दिया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में तेज आंधी से खम्भे एवं तारों के टूटने के कारण बिजली का भारी संकट पैदा हो गया। दो दिन से बिजली ना होने के कारण पेयजल का भी भारी संकट गहरा गया। बिजली वितरण निगम के अधिकारियों द्वारा सुनवाई ना किये जाने से गुस्साए चिंतपूर्णी कॉलोनी वासियों ने जानकी दास स्कूल के पास जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन निगम पार्षद सुरेंद्र मदान के साथ पंहुचकर बिजली निगम के कनिष्ट अभियंता राहुल तथा पुलिस ने समस्या का समाधान करवाकर जाम खुलवाया। तेज आंधी एवं तूफान के कारण जानकी दास स्कूल में खड़े पेड़ तारों पर झुक गए जिसके कारण ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ जाने से लाइट बंद हो जाती है। कॉलोनी वासियों ने कई बार अधिकारियों को फोन किये परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जानकी दास स्कूल में खड़े पेड़ों की छंटाई करवा दी जाएगी। राजीव जैन ने बताया कि जिन-जिन कालोनियों में पेयजल का संकट पैदा हो गया है उन कालोनियों में टेंकरों के माध्यम से पेयजल उमलब्ध करवाया जा रहा है, उन्होंने बताया कि प्रभु नगर मंडी, सिक्का कॉलोनी, तारा नगर, राजेंद्र नगर, जनता कॉलोनी, दहिया कॉलोनी, फाजिलपुर, गढ़ी ब्राह्मण, मयूर विहार समेत एक दर्जन से ज्यादा कालोनियों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। सेक्टर 14 मार्किट के पास भी एक रिहायशी ब्लॉक में बिजली ना आने के कारण लोगों ने जाम लगा दिया। बिजली अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान करने का आश्वासन देने के बाद जाम खोल दिया।

■ भाजपा नेता राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया



सोनीपत। जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे भाजपा नेता।

### सेक्टर-14 मार्केट के दुकानदारों ने जताया रोष

वहीं सेक्टर-14 मार्केट में तार टूटने से बिजली आपूर्ति ठप थी। दुकानदारों को दो दिन से जेनरेटर चलाने पड़ रहे थे। चिंतपूर्णी कॉलोनी के लोगों की ओर से जाम लगाए जाने की सूचना के बाद दुकानदारों ने गांधी चौक की ओर से मार्ग पर जाम लगाने की कोशिश की। इस दौरान वहां से गुजर रहे थाना प्रभारी जयभगवान ने दुकानदारों की समस्या सुनी और बिजली कर्मियों को बुलाकर मार्केट में तार जुड़वाया।

# 3 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



लोक निर्माण विभाग ने तहसील चौक से सोनीपत बाईपास चौराहे तक सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया है। जिस पर करीब तीन करोड़ रुपए खर्च होंगे। उक्त कार्य लंबे समय से लंबित था। जबकि बहुत पहले यह कार्य आवंटित किया गया था। जिसमें से आधा कार्य जो कि मटिंडू चौक से सांपला बाईपास चौक तक निर्माण कार्य हुआ था। अब तहसील चौक से सोनीपत बाईपास चौराहे तक का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के मुताबिक यहां से सड़क को करीब एक से डेढ़ फुट तक ऊंचा उठाया जाएगा, ताकि सड़क जलभराव न हो और सड़क का अच्छे तरीके से रखरखाव किया जा सके। पहले यह सड़क चारकोल की बनाई गई थी, लेकिन अब कंक्रीट का बनाया जाएगा। ऐसे में अगर जलभराव होता भी है तो मार्ग क्षतिग्रस्त न हो। कई वर्षों से खरखौदा के इस मार्ग पर पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क मार्ग पर जमा होता रहा है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खरखौदा के बहुत से सरकारी कार्यालय इसी मार्ग पर हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने यहां का दौरा किया, तो मार्ग को यथाशीघ्र बनाने के आदेश दिए थे। अब करीब 3 करोड रुपए की लागत से यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अभियंता अनिल चहल का कहना है कि ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कार ने बाइक को टक्कर मारी, युवक घायल

**गन्नौर।** बादशाही रोड पर कंपनी से ड्यूटी से वापिस आ रहे मोटरसाईकिल चालक को तेज रफ्तार अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाईकिल चालक घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया और कार का पता लगाने की मांग की। पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर में सरस्वती स्कूल के समीप रहने वाले सोनू ने बताया कि वह प्राइवेट दवाई की कंपनी में काम करता है। 8 मई की शाम को अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर बादशाही रोड से अपने घर जा रहा था । जब वह बादशाही रोड पर बेरी के बाग के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए अपनी कार की तेज लाइटों का डीप्पर मारा और अपनी कार की सीधी टक्कर मेरी मोटरसाइकिल में मारी । टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। शिकायत में आरोप है कि कार का चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया।

### चेक बाउंस का उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार



**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सीआईए-1 ने उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी राठधाना का है। जांच अधिकारी अनिल ने बताया कि वर्ष 2018 में चेक बांउस मामले में फरार आरोपित को अदालत ने वर्ष 2022 में फरार अपराधी घोषित किया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उनकी टीम ने आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।37. मामूली कहासुनी में एक व्यक्ति को पीटा

### रंजिश में युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**खरखौदा।** कंवाली गांव में चार युवकों ने एक व्यक्ति को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। बिजेंद्र ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। कुछ दिन पहले उसकी गांव के युवक बिट्टू से मामूली कहासुनी हो गई थी। जब है गांव की एक दुकान पर खड़ा था तो बिट्टू, जग्गू, दीपक व आनंद अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर वहां पर आ गए और उसे पीटना शुरू कर दिया। जब उसने स्वयं को बचाने के लिए शोर मचाया तो ग्रामीणों ने उसे छुड़वाया। युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला ने खुद को स्वास्थ्य कर्मी बता दंपती को लगाया कैंसर रोकथाम का टीका, व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पुरखास राठी गांव में एक महिला ने स्वास्थ्य कर्मी बता कर एक दंपती को कैंसर की रोकथाम के लिए टीका लगा दिया। टीका लगने के बाद व्यक्ति की अचानक तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद स्वजन उसे खानपुर मेडिकल कालेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची जांच में जुट गई। मृतक के बेटे ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पुरखास राठी गांव के परमिंदर ने बताया कि उसके पिता 45 वर्षीय दलबीर जनस्वास्थ्य विभाग में बतौर पंप आपरेटर कार्यरत थे। रविवार को वह घर पर थे। इस दौरान एक महिला आई, जिसने बताया कि वह खानपुर मेडिकल कालेज से आई है और कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण कर रही है। जिसके बाद उसके पिता दलबीर व मां ने टीकाकरण करवा लिया। टीकाकरण होने के कुछ देर बाद उसके पिता की तबियत बिगड़ गई। जिसके वह उन्हें उपचार के लिए तुरंत खानपुर मेडिकल ले कर गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परमिंदर ने बताया कि टीकाकरण के बाद उसकी मां पूरी तरह से स्वस्थ है। गन्नौर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव स्वजन को सौंप दिया है।




## पीवीसी पैकिंग मैटेरियल में भड़की आग



### दमकल विभाग की टीम ने काबू पाया

गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित फेस एक स्थित 258 गर्ग प्लास्टिक में रविवार की दोपहर को अज्ञात कारणों से कंपनी के पास रखे सामान में आग लग गई। आग लगने की सूचना कंपनी के कर्मचारियों ने दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। कपंनी के संचालक सुनील जैन ने बताया कि कंपनी में पीवीसी दवाईयों के पैकिंग के लिए बनाए जाने वाले पाऊडर के लिए लाई गई थी। आग लगने के कारण उन्हें काफी नुकसान हुआ है। पूरा नुकसान का आकलन आगे जांच करने के बाद ही पता लग पाएगा।

## गिलास को मुंह लगाकर पानी पीने से रोका तो मारपीट

**गोहाना।** शहर में पानीपत रोड स्थित बाईपास के निकट जलजीरा की रेहड़ी लगाने वाले एक व्यक्ति से कई युवकों ने मारपीट की। एक युवक रेहड़ी पर आया था तो उसने गिलास को मुंह लगाकर पानी पीने से मना कर दिया था। इसी रंजिश पर युवक अपने साथियों के साथ दोबारा आया और उससे मारपीट की। भागते समय एक युवक बाइक से गिरकर घायल हो गया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया।

### दो युवक पुलिस के हवाले

दरियापुर कालोनी के कुलदीप ने पुलिस को बताया कि वह पानीपत रोड स्थित बाईपास के पास जलजीरा की रेहड़ी लगाता है। शुक्रवार को दो युवक रेहड़ी पर आए थे, जिनमें से एक ने कैंपर से गिलास में पानी लिया। वह गिलास को मुंह लगाकर पानी पीने लगा, जिस पर उसने एतराज जताया। वह युवक उसे गाली व धमकी देकर चला गया था। अगले दिन वह युवक अपने कई साथियों के साथ उसके पास आया और मारपीट करने लगे। झगड़े को देखकर रेहड़ी लगाने वाले दूसरे लोग और राहगीर एकत्रित हो गए। इस पर युवक बाइकों पर बैठकर भागने लगे। एक युवक बाइक से पीछे बैठने की कोशिश करते समय गिरकर घायल हो गया। युवकों ने अपना नाम कार्तिक व अंकुश बताया। दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## यूपीएससी में 60वां रैंक लाने पर अभिमन्यु का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

यूपीएससी में 60 बार रैंक प्राप्त करने वाले अभिमन्यु मलिक का गांव महारा में पहुंचने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुबह 9:00 बजे हवन के साथ स्वागत समारोह शुरू हुआ। वहीं गांव के वरिष्ठ बुजुर्गों द्वारा स्मृति चिन्ह चांदी का रथ व पगड़ी पहनकर अभिमन्यु मलिक का स्वागत किया। इस दौरान गांव के मुखिया पवन मलिक ने कहा कि अभिनव मलिक ने गांव का नाम रोशन किया है। वह गांव के युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। बच्चों को पढ़ाई करके अपनी गांव व जिले का नाम रोशन करना चाहिए। इस दौरान सतीश शास्त्री पूर्व सरपंच राजेंद्र पूर्व सरपंच छोटू, मुकेश मालिक, अशोक मलिक ईश्वर मालिक, जगदीश मलिक, सतीश मलिक व अन्य मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन ई-लाईब्रेरी में परीक्षाओं की तैयारी के लिए किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत पुलिस लाईन में स्थित ई-लाईब्रेरी में पढ़ रहे विद्यार्थियो की एक सफल कैरियर बनाने में मदद करने व उनका मार्गदर्शन करने के लिए दिल्ली व चेन्नई में स्थित आफिस आईएएस अकेडमी की तरफ से लाईब्रेरी में पढ रहे विद्यार्थियो से बातचीत करने के लिए जिला सोनीपत पुलिस लाईन में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शिरकत करने के लिए पहुंचे पूर्व आईएएस इसराइल जेबा सिंह ने यूपीएसई ने परीक्षाओं के दौरान आने वाली कठिनाइयों व विद्यार्थियो को एकेडमी के दवारा करवाये जाने वाली परिक्षाओं की तैयारी के बारे में व आनलाईन कोचिंग के संबधं में विद्यार्थियो को समझा और उनसे विचार विमर्श भी किया व उनके तैयारी करने के संबंध में आने वाली परेशानियो के बारे में पुछा गया और उन्हे बताया कि कैसे वे सोनीपत पुलिस लाईन में स्थित ई-लाईब्रेरी में ही हमारे से आनलाईन जुडकर इन परिक्षाओ की तैयारी कर अपने सपनों को साकार कर सकते है। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन गौरव राजपुरोहित, पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन सोनीपत के प्रिंसिपल भी मौजुद रहे।

जरनल ऑब्जर्वर डा. मंजुला एन ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# अवैध शराब की बिक्री और नकदी के लेनदेन पर रोक लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति

## आम चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष करवाना सबकी पहली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जरनल ऑब्जर्वर डा. मंजुला एन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्षता से संपन्न करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए जिम्मेदारी को पूरी करने के लिए सभी अधिकारी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान अवैध शराब की बिक्री और नकदी के लेनदेन पर रोक लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं ताकि हम जिला में चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्षता से पूरा करवा सकें।

जनरल ऑब्जर्वर ने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार व अन्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने चुनाव सम्बंधी आने वाली शिकायतों के टोल फ्री नम्बर 1950 व सी-विजिल ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी ली और कहा कि इस पर आने वाली सभी शिकायतों का निराकरण हो। उन्होंने उपस्थित सभी को चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों की शत प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में अवैध शराब की बिक्री न हो इसके लिए जिला में शराब फैक्टरी व अन्य शराब के गोदामों के स्टॉक पर निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा जिला में संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर निगरानी और शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त फोर्स भी लगाई गई है, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही जिला में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल पर आने वाली शिकायतों तथा सुविधा पोर्टल पर विभिन्न अनुमतियों के लिए आने वाले आवेदनों पर तुरंत कार्यवाही की जा रही है। जिला में चुनाव प्रचार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसके लिए जिला में एमसीएमसी सैल भी निगरानी कर रही है और टीवी व अखबार में आने वाली पेड न्यूज पर लगातार नजर बनाए रखे हुए है। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए बिट्स मोहाना में विधानसभा वाईज बनाए गए मतगणना केन्द्रों और स्ट्रॉन्ग रूमों बनाए गए है जहां पर ईवीएम मशीन की सुरक्षा के लिए सभी पुख्ता इंतजाम पूरे किए गए है।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

# बारिश के बाद किसान जला रहे फाने जिले में 212 जगह जली पराली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ सैटेलाइट रिपोर्ट कृषि विभाग के पास पहुंची

फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं बरसात के बाद भी थमने का नाम नही ले रही है। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सैटेलाइट के माध्यम से कृषि विभाग के पास 212 आगजनी की लोकेशन पहुंच चुकी है।

### पांच पर जुर्माना

उक्त लोकेशनों की भौतिक जांच करते हुए अब तक 5 किसानों के खिलाफ जुमार्ना लगाने की कार्रवाई भी की जा चुकी है। बता दें कि फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए कृषि विभाग किसानों को लगातार जागरूक कर रहा है। विभाग ने ग्राम स्तर पर टीमों का गठन भी किया है। इसके अतिरिक्त अब मोबाइल टीमें भी शाम के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर रही है। बावजूद इसके फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। जिसके कारण कई प्रकार की परेशानी भी लोगों को झेलनी पड़ रही है। मौजूदा समय में शाम होते ही खेतों में फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं दिखाई देने लग जाती है।

इस दौरान उठता धुआं जहां लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, वहीं दूसरी तरफ खेतों में फसल अवशेष जलाने पर मिट्टी की सेहत पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। खेत में आग लगने के कारण मिट्टी की ऊपरी परत में मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो जाते है। इसका असर उपजाऊ क्षमता पर दिखाई देता है। वहीं पिछले साल की बात करे तो 11 मई तक महज 116 आगजनी की लोकेशन कृषि विभाग के पास पहुंची थी।

### आगजनी की घटनाओं पर पैनी नजर

फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं पर नजर रखी जा रही है। किसानों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। अब तक 212 लोकेशन प्राप्त हुई है। अधिकतर लोकेशन पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या फिर किसी अन्य कारण से आग लगकर काफी दूर तक फैलना पाया गया है। किसानों का आह्वान है कि वे फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं को अंजाम न दे।

**डा. पवन शर्मा**, कृषि उपनिदेशक,



## विभिन्न नामों से जाना जाता है पलाश

पलाश पुष्पों का रंग लौ जैसा होने के कारण ही साहित्यकारों ने इसे 'फ्लेग ऑफ फारेस्ट' नाम दिया होगा। पलाश को ही टेसू या ढाक कहा जाता है। किशुंक, रक्त पुष्पक, पर्ण, यज्ञिय, बह्म वृक्ष, छौला, क्षार श्रेष्ठ आदि इसके अन्य नाम हैं। पलाश को हरियाणवी में ढाक, पंजाबी में पालक चचड़ा, गुजराती में खाखरो, मराठी में पलास, बंगाली में पलाश गांछ, कन्नड़ में मुतुगा, तेलगु में मोटुग या मादूक, चेट्, तमिल में परशन, उड़ीसा ;उड़यिाद्व में पोरासु, किंजुकों,लैटिन में व्यूटिया पार्किफ्लोराआदि नामों से पुकारा जाता है।

# प्रदेश में विलुप्त होने के कगार पर पलाश

हरियाणा की जमीं पर हरे-भरे जंगल बहुत अधिक मात्रा में थे। नीम, बड़, पीपल, इमली, कैम, कैन्दू, पलखण, सरस, शीशम, जाल, जांटी, फ्रास, शहतूत के अलावा कुछ अन्य फलदार, छायादार तथा फूलदार वृक्षों की भरमार थी। फूलदार वक्षों में पलाश (ढाक) के वृक्षों के यहां भरपूर जंगल थे, किन्तु अब मिटने के करीब हैं। पलाश सबको लुभाने वाला सुन्दर पुष्पों वाला वृक्ष है।

कुदरत | डॉ. ओमप्रकाश कादयान



कभी सात-सात नदियों के जल से सींची जाने वाली हरियाणा की जमीं पर हरे-भरे जंगल बहुत अधिक मात्रा में थे। नीम, बड़, पीपल, इमली, कैम, कैन्दू, पलखण, सरस, शीशम, जाल, जांटी, फ्रास, शहतूत के अलावा कुछ अन्य फलदार, छायादार तथा फूलदार वृक्षों की भरमार थी। फूलदार वक्षों में पलाश (ढाक) के वृक्षों के यहां भरपूर जंगल थे, किन्तु अब मिटने के करीब हैं। पलाश सबको लुभाने वाला सुन्दर पुष्पों वाला वृक्ष है। जब सेमल खिल कर, अपने लाल-नारंगी पुष्पों की आभा लुटाकर, अपने एक-एक करके सभी फूल झाड़ चुके होते हैं तब बारी आती है 'बसन्त' के प्रिय पुष्प 'पलाश' के खिलने की। बसन्त का स्नेह-स्पर्श पाकर जब पलाश अपनी अद्वितीय, मनोहारी आभा लुटाता है तो दूर तक पता चल जाता है कि पलाश दहकने - मुस्कराने लगा है।

फरवरी-मार्च में जब पलाश के सारे पत्ते झड़ जाते हैं तो पेड़ नग्न हो जाता है। फिर समस्त टहनियों से काली-काली डोडियां निकलती हैं, फूल खिलने की तैयारी शुरू हो जाती है। कुछ ही दिन में देखते-देखते समस्त वृक्ष रक्तवर्णी कुसुमों में लद जाता है। हरियाणा में मार्च के अन्त व अप्रैल में पलाश के जंगलों का दृश्य देखते ही बनता था। दूर से देखने पर ऐसा लगता था मानो सूखे पेड़ों के जंगल में भंयकर आग लगी हो, किन्तु यह आग जलाने वाली नहीं, बल्कि सौन्दर्य लुटाने वाली होती थी। ढाक के वृक्ष के बीच अंकुरित होकर उसे फलने-फूलने के लिये जिस मिट्टी, भौगोलिक स्थिति व वातावरण की आवश्यकता होती है।

हरियाणा की जमी उसके अनुकूल रही है। ये बात अलग है कि यहां के कई भू भागों की भोगौलिक स्थिति में थोड़ा बहुत अन्तर रहा है, उसके बावजूद हरियाणा के करीब हर हिस्से में ढाक यानी पलाश के वृक्ष देखने को मिल जाया करते थे। गंगा के कई पठारों, पलामू के जंगलों या बेतवा नदी के किनारे बसे ओरछा के जंगलों की तरह हरियाणा में भी पलाश दहका करते थे। आबादी बढ़ती गई, जंगलों की जगह नये-नये गांव बसते गये, गांवों से कस्बे, कस्बों से शहर बनते गये। शहरों ने अपने पैर इतनी लम्बी दूरी तक पैफलाये कि जंगलों को फलने-फूलने की जगह ही नहीं छोड़ी। जंगल कटकर खेत बनते गये, खेत बस्तियों में बदलते गये। परिणामस्वरूप हरियाणा से जंगलों का सपफाया हो गया। पलास भी कटते गये, घटते गये। इसके



बावजूद भी कुछ दशक पूर्व तक हरियाणा के विभिन्न भागों में, खेतों में, खेतों के किनारों पर, जोहड़ों के किनारों, बणियों में, गितवाड़ों में काफी संख्या में पलाश देखने को मिल जाया करते थे। किन्तु एक तो वातावरण में आये बदलाव के कारण पलाश के पेड़ अधउम्र में ही सूख गये, कुछ इस वृक्ष के प्रति हमारी घटती रुचि के कारण इनकी संख्या गिनी-चुनी ही रह गई है। पुराने पेड़ या तो सूख रहे हैं, या लकड़ी की पूर्ति के लिए हरे को ही काट लिया जाता हैं, नए पेड़ लगाए नहीं जा रहे हैं।

### सैकड़ों पेड़ हटा दिए

हमारे देखते-देखते पिछले 15-20 वर्षों में सैकड़ों वृक्ष अपनी जमीन से हटा दिए गए। पहले झज्जर, रोहतक, सोनीपत, भिवानी, हिसार, सिरसा, महेन्द्रगढ़, नारनौल, रेवाड़ी, कुरूक्षेत्रा, यमुनानगर, जीन्द के इलाकों में पलाश के वृक्ष खूब नजर आते थे। दुःख की बात है कि अब जो भी थोड़े बहुत पलाश बचे हैं वो भी तेज गति से खत्म हो रहे हैं। गत 5-6 वर्षों में रोहतक के आसपास सोनीपत रोड तथा चण्डीगढ़ रोड़ के बीच 25-30 वृक्ष खत्म हो चुके हैं। अब यहां केवल तीन-चार पलाश ही बचे हैं। झज्जर से बादली रोड पर भी अब पलाश नजर नहीं आते। बेरी की थलियों में एक बहुत भारी भरकम पलाश दो-तीन वर्ष पहले नजर आना बन्द हो गया। हिसार शहर के अन्दर ही दो-तीन साल में कई पेड़ काट दिए गए। मात्रा दो-तीन पेड़ कृषि विश्वविद्यालय के अन्दर तथा दो-तीन बाहर की आबादी में शेष हैं। पिहोवा-कुरुक्षेत्र रोड, कुरुक्षेत्र-यमुनानगर रोड, करनाल-चण्डीगढ़ रोड़ पर कुछ पलाश बचे हैं। पंचकूला से मोरनी रोड़ तथा मोरनी की पहाड़ियों पर अन्य कुछ जगहों पर कुछ पलाश बाकी हैं जो मार्च-अप्रैल में अपनी आब लुटाते हैं।

कालका क्षेत्र की कुछ पहाड़ियों पर आपको पलाश दहकते दिखाई दे सकते हैं। कालका-शिमला रेलमार्ग पर कालका स्टेशन से कुछ किलोमीटर दूर तक कुछ पलाश बचे हुए हैं। महम-भिवानी रोड पर भी अब कोई पलाश नहीं बचा है। इस रोड के अन्दर के किसी गांव में दो-तीन पेड़ शेष हैं। जिनमें से एक बहुत बड़ा वृक्ष भी बचा है। यमुनानगर में यमुना के किनारे या कुछ शिवालिक पहाड़ी इलाकों में भी एकाध ही पलाश देखने को मिलता है। हां हथनी कुण्ड के आस-पास पहाड़ी इलाकों में धेला ढाक के कुछ जंगल अवश्य बचे हुए हैं। जो अप्रैल माह में लोगों का ध्यान अनायास ही अपने सौन्दर्य से आकर्षित कर लेते हैं। यह दुःख की बात है कि अगर हम पलाश के वृक्षों के प्रति गंभीर नहीं हुये तो कुछ ही वर्षों में हरियाणा से पलाश का नामोनिशान मिट जायेगा। एक बहुउपयोगी व सुन्दर पुष्प वृक्ष को हम जड़ मूल से गवां बैठेंगे। अगर हरियाणा की जमीन पर हमने इस वृक्ष को बचाना है तो इसके प्रति हमें चिंतित होना पड़ेगा।

### बचाव में आगे आना होगा

हरियाणा के कृषि वैज्ञानिकों को इसके बचाव में आगे आना होगा तथा सरकारी तौर पर भी विशेष कदम उठाने होंगे। किसानों को इसकी उपयोगिता की जानकारी देकर पलाश (ढाक) के प्रति रुचि जगानी होगी। सरकारी नर्सरियों में इसकी पौध तैयार करके किसानों को या आम लोगों को मुफ्त उपलब्ध करवानी होगी तथा सरकारी प्रयासों से या आदेशों से शिक्षण संस्थाओं या अन्य सरकारी संस्थाओं, पार्कों में, सड़कों के दोनों ओर रोपाई करवानी होगी। शहर के पार्कों तक में इसे पहुंचाना चाहिए तभी इस वृक्ष का अस्तित्व बच सकता है।

खान-पान | राज कुमार नरवाल

**पलायन**
गले को तर करने वाली चीजें पलायन कर गई

**फायदेमंद**
शीत, राबड़ी, दलिया, खिचड़ी व गोजी सेहत के लिए फायदेमंद



## कहां खो गई गोजी राबड़ी व लापसी

आजकल गांव में किसी बच्चे को राबड़ी, गोजी व लापसी लाने को कह दें तो वह आपका मुंह ताकने लगेगा, क्योंकि गर्मी में गले को तर करने वाली ये चीजें गांवों से मानो पलायन कर गई हैं। हर कोई शीतल पेय के पीछे दौड़ रहा है। नई पीढ़ी को ये सब बनाना भी नहीं आता, जबकि सच्चाई यह है कि दिमाग को ठंडा रखने वाले ये व्यंजन बाजारू पेय पदार्थों से सस्ते तो पड़ते ही हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। गर्मी के मौसम में यदि सुबह राबड़ी, गोजी व लापसी का प्रयोग किया जाए तो दिनभर व्यक्ति तृप्त रहता है और भूख व प्यास भी कम लगती है। लेकिन नई पीढ़ी की औरतों को राबड़ी, गोजी व लापसी के महत्त्व का ही नहीं पता। यदि घर में किसी बुजुर्ग का मन राबड़ी पीने को कर जाए तो मुश्किल से ही कोई ऐसा घर होगा, कि उस घर की औरत उसकी इस इच्छा को पूरी कर सके। हां बुजुर्ग को यह शब्द सुनने को जरूर मिल सकता है, इब कोण पीवै सै राबड़ी, उसनै कोनी बणाणी आंदी राबड़ी-रुबड़ी। घर में सारी चीजों की मौज सै, के जरूरत सै इन चीजां की, ये तो गरीब आदमी पीया करदे, लेकिन ऐसा कहने वाली औरतों को यह भ्रम ही है। क्योंकि उनको इनके स्वाद का ही पता नहीं है। आज के युवा वर्ग पर जंक फूड व कोल्ड ड्रिंक इस कदर हावी हो गए हैं कि जब देखो उनके हाथ में ये चीजें मिलती हैं। इन पेय व खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभाव का शायद इनको पता नहीं है। ये चीजें उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालती हैं और धन की भी बर्बादी होती है। जबकि हरियाणवीं व्यंजन शीत, राबड़ी, दलिया, खिचड़ी व गोजी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं। राबड़ी बनाने से पहले आवश्यकतानुसार चना, बाजारा या मोठ का आटा ले लें। इसके बाद इसे लस्सी में मिलाकर धूप में रख ददिश जाता था। दो घंटे बाद यह मिश्रण खट्टा हो जाता। उसके बाद लस्सी के बराबर मात्रा में पानी मिलाकर चूल्हे पर उबाला जाता। उसके बाद लस्सी व आटे के मिश्रण को इसमें मिला देते थे। स्वादानुसार इसमें नमक डालकर और इसे चूल्हे से उतार देते थे। उसके बाद राबड़ी तैयार हो जाएगी। इसके बाद इस मिश्रण को सुबह ताजी लस्सी में मिलाकर पीएं।

लघुकथा | रजनी जैन एडवोकेट



## माँ जैसा कोई नहीं

माँ और भगवान का दर्जा एक समान फर्क सिर्फ इतना माँ दृश्यमान.. माँ का प्यार है बड़ा अनोखा, कभी डांटती है.. हमें तो खुद ही सीने से लगाकर रोने लग जाती है.. ऐसी होती है माँ.. खुद गीले में सो कर शिशु को सूखे में सुलाती है माँ.. जीवन का पहला पाठ सिखाती है माँ..बच्चों के सुख दुख को अपना सुख दुख बना लेती है माँ.. घर में रोटी कम हो मुझे भूख नहीं है.. यह कहकर भूखी सो जाती है माँ.. जीवन की हर तपती धूप में, हमें आँचल में छुपा लेती है माँ.. दुनिया में सबसे नरम है माँ की गोद.. लेटे-लेटे कब नींद का आ जाना.. पता ही नहीं चलता, ऐसी होती है माँ.. आदर्श से भारी गागर है माँ..संतान का पूरा संसार है माँ.. दिल की धड़कन है माँ.. बच्चों की संस्कार है माँ.. जीवन की सुगंध है माँ.. अपने बच्चों की सुरक्षा कवच माँ..बच्चों के मन मंदिर में पूजा योग्य भगवान है माँ.. यह कविता मैं हर माँ को समर्पित करती हूँ।

कविता | दिनेश दिनकर



## उसकी खिड़की की ओर

चाँद ढलते ही,
सूरज चढ़ते ही,
बारिश को चीरकर
धूप को खींचकर,
हवा में तैरकर,
दुनिया की फिक्र को धुआँ कर,
कभी नए सपने सजाने के लिए,
तो कभी पुरानों को दोहराने के लिए,
मैं हर क्षण उसके दीदार के लिए,
उसके इकरार के लिए,
उसकी ओर
उसकी खिड़की की ओर,
बस ! देखता ही रहता हूँ
कि वो मेरी हो जाए
अनन्त काल के लिए.....

लघुकथा | मोनिका राज



## खोखले वादे

विनय जी अभी घर से बाहर निकले ही थे कि सामने से जा रही कार कीचड़ उछलते हुए तेज़ी से उनके सामने से गुज़र गई। विनय जी गुस्से से भुनभुनाते हुए अपने कपड़े साफ करने लगे तभी उनके वार्ड के पार्षद सामने से आते हुए दिखे। विनय जी उनके सामने आए और शिकायती लहज़े में कहा, 'देख रहे हैं पार्षद जी, सड़क की स्थिति। पिछले साल से ही स्थिति खराब है। आपने चुनाव से पहले वादा किया था कि अगर आप जीते तो सड़क की शीघ्र मरम्मत करवाएंगे पर एक साल बीतने को है पर आपने अब तक कुछ नहीं किया। पार्षद ने पान की पीक फेंकते हुए बड़ी ढिठाई के साथ कहा, 'क्या विनय जी, आप भी पुरानी बातों को लेकर बैठे हैं। हमने बात तो की ही थी चैयरमैन साहब से। उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि अगले चुनाव के बाद ज़रूर सड़क की मरम्मत की बात की जाएगी। तब तक आप भी थोड़ा एडजस्ट कीजिए। एक-आध महीने की तो बात है, फिर बारिश भी ख़त्म हो जाएगी और साथ ही कीचड़ की समस्या भी।' कहते हुएआगे बढ़ गए। पार्षद की बात सुन विनय ठगे से रह गए। चुनावी खोखले वादों का सच उनके सामने आ चुका था।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

किसान | मोटा मुनाफा कमाने का बताया फार्मूला



# फूलों की खेती से मालामाल हुआ जांडलीकलां का किसान


**मुनाफा**
परंपरागत खेती से फूलों में दोगुना मुनाफा

**उपजाऊ**
फूलों की खेती से जमीन की उपजाऊ शक्ति भी बढ़ती है

**उपजाऊ**
डेकोरेशन में रंग बिरंगे फूलों की भारी डिमांड

बातचीत | दलबीर सिंह भूना

फूलों की खेती वर्तमान दौर में किसानों के लिए फायदे का सौदा है। बड़े पैमाने पर धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा साज-सज्जा के कामों में भी फूलों का उपयोग होता है। आए दिन होने वाले बड़े आयोजनों में फूलों से की जाने वाली डेकोरेशन में आकर्षक रंग बिरंगे फूलों की भारी डिमांड होती है। अब लोकसभा चुनाव के किसानों को कारण अच्छी कमाई की उम्मीद है। संभावनाओं को पहचानते हुए जांडलीकला गांव के एक किसान बाप-बेटे ने मिलकर फूलों की खेती में कामयाबी के झंडे गाड़े हैं। किसान तीन एकड़ रेड माल्टा के बाग में विभिन्न प्रकार के फूलों की खेती कर फूलों से अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।



### त्योहार पर कीमत हो जाती है दोगुनी

जांडलीकला गांव में फूलों की खेती कर रहे किसान सतपाल भैरो व उसके बेटे रविंद्र भैरो के फूलों की महक जिला फतेहाबाद में ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में महक रही है। किसान सतपाल सिंह भैरो पिछले कई महिनों से फूलों की खेती कर रहे हैं। जिसमें गेंदा व गुलदावदी के फूलों की खेती कर रहे है। एक एकड़ में 10 से 20 हजार रुपये की लागत लग जाती है। लागत निकाल कर करीब एक लाख रुपये बच जाता है। मंडी काफी दूरी होने के कारण किसान फूल लगाने में रुचि नहीं लेते हैं। अगर फूल मंडी और कोल्ड स्टोरेज बन जाएगा तो किसान फूल की खेती कर अधिक लाभ कमा सकते हैं।

### अनपढ़ किसान ने खेती के बदल दिए मायने

किसान सतपाल सिंह भैरो की पिछले कई वर्षों से परंपरागत खेती में ही दिलचस्पी थी। लेकिन फसल में लागत से ज्यादा खर्च हो रहा था। किसान ने करीब 3 वर्ष पहले रेड माल्टा का उपरोक्त जमीन में भाग लगा दिया और सह खेती का उत्पादन लेकर आर्थिक रूप से संपन्न होने लगा। रेड माल्टा बाग में नेमाटोड़ बीमारी से बचने के लिए सह फूलों की खेती की तरफ किसान ने रुझान बढ़ाया। जिससे किसान सतपाल भैरो ने सह खेती के रूप में फूलों से लाखों रुपये प्रति एकड़ कमाए। इसलिए किसान ने अब फूलों की खेती में आमदनी बढ़ाने पर 12वीं पास अपने बेटे रविंद्र भैरो को भी सहयोग के लिए साथ लगा लिया है। फूलों से होने वाली आमदनी का हिसाब किताब रविन्द्र भैरो के हाथों में है और उसके पिता फूलों को तोड़ने से लेकर एजेंट तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। इसलिए किसान को कम खर्चे में अधिक आमदनी हो रही है।

### तो ले सकते हैं बड़ा फायदा

किसान रविन्द्र भैरो का कहना है कि खेती-किसानी में लाभ कमाने के लिए चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। फूलों की खेती के दौरान में कई प्रकार के कीट और रोगों के पनपने की संभावना भी रहती है। इसके अलावा, फूलों की तुड़ाई के बाद उनका भंडारण करना भी चुनौतपूर्ण काम है। ऐसा इसलिए क्योंकि फूलों की उपज को बाजार और मंडियों तक की जिम्मेदारी किसान की होती है। इसलिए फूलों का सही प्रकार से भंडारण करना जरूरी है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर आप भी फूलों की खेती करके सफल किसान बन सकते हैं। मंडी हिसार व पंचकूला तथा गुरुग्राम में होने के कारण किसान को फूल बेचने में थोड़ी परेशानी जरूर होती है। मगर परंपरागत खेती से दोगुना मुनाफा है।

# नई पीढ़ी को रंगमंच में पारंगत बना रहे रमेश भनवाला

◆ किसान परिवार में जन्म लेकर रंगमंच पर बनाई अलग पहचान ◆ नाटकों के जरिये सामाजिक बुराइयों पर चोट ◆ माता-पिता और पूरे परिवार का मिला सहयोग

कलाकार | शशि कांत चौहान

देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके रमेश भनवाला अब बच्चों को रंगमंच की कला में पारंगत बना कर थियेटर को नई दिशा दे रहे हैं। इसके लिए वे जगह-जगह कार्यशालाओं में जाते हैं और वहां पर बच्चों को अभिनय की बारीकियां समझाते हैं जिससे वे अपने क्षेत्र में विलक्षण प्रदर्शन कर सकें। इसी कड़ी में हाल में में वे संस्कार रंग टोली के जरिये गुवाहाटी में एक वर्कशॉप करके लौटे हैं।

रंगमंच का नाम आते ही सांग, नाटक, नौटंकी, रामलीला, नुक्कड़ नाटक व महिलाओं द्वारा गाए गए लोक गीत आंखों के सामने दृश्य बन घूमने लगते हैं। जींद जिले के गांव सिवाहा में साधारण किसान परिवार में जन्मे रमेश भनवाला ने नौंवी कक्षा में स्कूल स्तर से रगंमच की शुरूआत की थी। जिसमें पहला नाटक गांधी तेरे देश में एक व्यंग्यात्मक नाटक किया। पिता एमए दयानंद और माता मूर्ति देवी दोनों भले ही पढ़े लिखे न हों, लेकिन उन्होंने अपने बेटे के सपनों को परवाज दी और पूरा सहयोग दिया येउसी का परिणाम है कि आज रमेश भनवाला रंगमंच की दुनिया में जाना-माना नाम है।

हिंदी, एमए थियेटर एवं टेलीविजन पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली की संस्कार रंग टोली टीआईई कंपनी में ग्रीष्मकालीन चिल्ड्रन थियेटर वर्कशॉप में एक्सपर्ट के तौर पर काम किया, तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से बीएड की। रमेश भनवाला ने बताया कि घर में रगमंच का माहौल नहीं था। हरियाणा में साक्षरता अभियान





में नुक्कड़ नाटक करने का मौका मिला। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति में बहुत से नाटको में काम किया। रमेश बताते हैं कि उनके गुरु मंगतराम शास्त्री ने मउन्हें तराशा। अभिनय की दृष्टि से और विचार की दृष्टि से, 2016 से लगातार जीन्द में नवरस राष्ट्रीय नाट्य उत्सव लगातार करवा रहे है। रंगमंच के प्रति उनके समर्पण के कारण ही शहर के अन्दर रंगमंच का माहौल बन रहा है।

उन्होंने दर्शक अच्छी व सच्ची सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ व सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाली संस्कृति में फर्क करने में एक सोच विकसित की है। इस रंगमंच की विरासत को लगातार आगे ले जा रहे हैं। जिसके बाद उन्होंने पलट कर नहीं देखा ओर रंगमंच की बुलंदियों को लगातार छूते चले गए।आज हम उस दौर से गुजर रहे हैं, जिसके बारे में नई पीढ़ी को लुप्त हो रही रंगमंचीय विरासत के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, जबकि ग्रामीण आंचल में ये मनोरंजन के साथ संदेश तथा जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण माध्यम था। पुरानी पद्धति भंडेला, भांड, भोपा, बहरूपिये जैसे अनेक किरदार सांस्कृतिक विरासत रंगमंच का हिस्सा रहे हैं।

### जागरूकता का संदेश भी देता है रंगमंच

उन्होंने कहा कि रंगमंच आय का साधन नहीं बल्कि अपनी कला को बाहर निकाल ज्वलंत मुद्दों पर अपनी बात रखना तथा लोगों को जागरूक करना भी है। रंगकर्मी रमेश भनवाला ने बताया कि आज के दौर में युवा भटकाव की तरफ है। मनोरंजन के नाम पर फूहड़ता परोसी जाती है। रंगमच मनोरंजन तो करवाता है साथ में जागरूक करते हुए संदेश भी देता है। रंगमंच में योगदान को देखते हुए रंगकर्मी रमेश भनवाला सामाजिक स्तर से लेकर स्टेट लेवल तक काफी बार सम्मानित किया जा चुका है।

### सांस्कृतिक विरासत को बढ़ा रहे आगे

समय के साथ हुए बदलाव में सांस्कृतिक धरोहर रगमंच तक जा पहुंची। उसी सांस्कृतिक विरासत को धरोहर के रूप में आगे ले जाने के सफल प्रयास रंगकर्मी रमेश भनवाला कर रहे हैं। बात रंगमच की हो या हरियाणवी सिनेमा या हिंदी सिनेमा के पर्दे पर, अपनी अनूठी छाप छोड़ रहा है। खास बात यह है कि रमेश भनवाला से रंगमच के गुर सीख कर उनके मार्गदर्शन में युवा हरियाणवी, बॉलीवुड फिल्मों में काम कर रहे हैं।

### 25 नाटकों का सफल निर्देशन

रमेश भनवाला अब तक 25 नाटकों का सफल निर्देशन के साथ 19 नाटकों में अभिनय कर चुके हैं। नाटक व नुक्कड़ नाटकों के पौने तीन सौ से ज्यादा शो कर चुके हैं। उनके निर्देशन में किए गए नाटक सामाजिक मुद्दों पर आधारित होते हैं। बोली, वेशभूषा मंचन का तरीका सीधा व साधारण होता है। नाटकों में सामाजिक, संदेश छिपा होता है। रमेश भनवाला अब तक की सात वेब सीरीज में काम कर चुके हैं। जिसमें अखाड़ा ने खूब धूम मचाई। 12वीं आल्या प्यार लोगों की जेहन में जिंदा है। अखाड़ा टू, अग्निवीर, कांड 2010, काला कौन है, ढाई दिन अभी लॉचिंग पर है। वेब सीरीज में किए काम की रमेश भनवाला के काम की खूब तारीफ हो रही है।

## खबर संक्षेप

### जयंतियों पर महापुरुषों को किया नमन

**गोहाना।** आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के तत्वावधान में रविवार को शहर की चोपड़ा कॉलोनी में आदि शंकराचार्य, सूरदास और रामानुजाचार्य की जयंतियों पर उन्हें नमन किया गया। अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य वक्ता मोर्चे के प्रदेश महासचिव मोहित पांचाल रहे।
मोहित पांचाल ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने भारत के चार कोनों में चार मठों की स्थापना की। वह दार्शनिक और समन्वयवादी थे। भागवत गीता, उपनिषदों और वेदांत सूत्रों पर लिखी उनकी टीकाएं बहुत प्रसिद्ध हैं। आजाद सिंह दांगी ने कहा कि सूरदास भक्ति काल के हिंदी साहित्य के सूर्य थे। उनके अनुसार रामानुजाचार्य अद्वैत हिंदू दार्शनिक और योग में पारंगत थे। इस कार्यक्रम में रामरति देवी, सचिन पांचाल, मुखत्यार सिंह दांगी, दीपक, अरविंद, बिजेंद्र, पुरूपेंद्र, सुमित्र आदि भी उपस्थित रहे।



### बागड़ू कलां गांव में किया वृक्षारोपण

**सोनीपत।** नेशनल सोशल आर्गेनाइजेशन के द्वारा बागड़ू कलां गांव में वृक्षारोपण किया गया तथा मातृ दिवस के उपलक्ष में ऑक्सीजन बाग लगाया गया साथ ही रामनिवास ने बताया कि पौधे लगाए अनेक यह जरूरी नहीं है, बेशक लगाए पौधा एक और करते रहे उसकी देखरेख- यह जरूरी है। इन शब्दों से अपने साथियों को मनोबल बढ़ाया। वहीं दिव्यांशु ने अपने समाज कल्याण को लेकर अपने विचार से साथियों को प्रेरित किया अन्य साथी निरंजन, अभिषेक, विवेक, नैना, संजू ,मोनिका आदि मौजूद रहे।



### स्केटिंग चैंपियनशिप में नालंदा के मेधावी छाए

**गोहाना।** इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप में गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के 7 विद्यार्थियों ने पदक झटक लिए। पदक विजेताओं को स्कूल की एमडी रीना मलिक और प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने सम्मानित करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिविर में 112 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

**गोहाना।** रविवार को गोहाना वेलफेयर ग्रुप द्वारा शहर में पुराने बस स्टैंड पर फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। इस कैंप में 112 नागरिकों का उपचार किया गया। अध्यक्षता ग्रुप के अध्यक्ष कृष्ण गोयल ने की। संयोजन पूर्व अध्यक्ष विनय बजाज और सचिव मनोज रहेजा ने किया। परियोजना निदेशक जितेंद्र अरोड़ा ने किया। शिविर में डॉ. विद्यासागर शर्मा, सहयोगी मनोज त्यागी, श्वेता ने सहयोग किया।

---

203 लोगों ने आर्मी के जवानों के लिए रक्तदान कर पेश की मिसाल

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आर्मी के लिए किया रक्तदान

दादा देव वैकुंठ धाम ताजपुर तिहाड़ खुर्द में भारतीय सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दादा देव वैकुंठ धाम ताजपुर तिहाड़ खुर्द में भारतीय सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जोकि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ आर्मी टीम का नेतृत्व कर रहे हवलदार गिरी ने शहीद द्वार पर अमर शहीद कैप्टन कप्तान सिंह दहिया व अमर शहीद नरेश सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।

जहाँ पर कैप्टन कप्तान सिंह दहिया की धर्मपत्नी ने अपने परिवार के साथ मिलकर आर्मी जवानों का स्वागत किया जिसके बाद संस्था के सदस्यों ने आर्मी जवानों का फूलमालाएं डाल कर स्वागत किया। संस्था का यह 160 वाँ रक्तदान शिविर था जिसमे हमेशा की तरह रक्तदाताओं का जोश सातवे आसमान पर दिखा। शिविर का आयोजन इको यूथ क्लब , दादा देव वैकुंठ धाम सेवा समिति व माँ भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से करवाया गया जिसमें 203 रक्तदाताओ ने आर्मी के लिए रक्तदान किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची पूर्व आईजी आई पी एस सुमन मंजरी ने सभी रक्तदाताओ का हौसला बढ़ाया। सुमन मंजरी ने कहा कि भगवान परशुराम सौर्य व शक्ति के प्रतीक है जो भगवान विश्णु के छठे अवतार है जिन्होंने अधर्म का विनाश कर धर्म की स्थापना की उसी प्रकार माँ भारती रक्तवाहिनी व इको यूथ क्लब के सदस्यों ने देश सेवा का यह कार्य किया जो किसी आर्मी जवान व उसके पारिवारिक सदस्य का जीवन बचाया जाएगा। शिविर में पहुँचे अनेको सामाजिक कार्यकताअरं ने पहुच कर रक्तदाताओ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में तीनों संस्थाओ के लगभग 50 सदस्यों ने इस रक्तदान शिविर को संभाला जिस वजह से 203 यूनिट रक्तदान करवा पाए। शिविर में 11 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। साथ ही 8 दिव्यांगों ने आर्मी के लिए रक्तदान किया जिन्होंने पहुचते है आर्मी रक्तदान शिविर में जैसे जान फूंक दी। दिव्यांगों ने आम जन को सन्देश दिया कि आप को कई महीनों में सेना के लिए रक्तदान करने का अवसर मिलता है हमे उसे चूकना नही है कम से कम सेना के लिए हम कुछ खून तो दान कर ही सकते है ।



सोनीपत। रक्तदान करते हुए महिला रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव ब्राह्मण उत्थान परिषद ने मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में भगवान परशुराम जन्मोत्सव ब्राह्मण उत्थान परिषद के द्वारा 36 बिरादरी के भाईचारे के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। ब्राह्मण उत्थान परिषद के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने भगवान परशुराम चौक से शोभायात्रा को रवाना किया जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 15 पहुंची वहां पर बाहर से आए हुए अतिथियों का मान सम्मान किया गया। इस मौके पर दादा हरिराम दीक्षित,भाई नवीन जय हिंद, ने शोभायात्रा में शामिल होकर भाइयों का मान सम्मान बढ़ाया, शोभायात्रा में मोनू रावण सालोनिया टीम, राधे पंडित तिलपत टीम, गांव खानपुर से पंडित जय भगवान शर्मा, योगेश और सोनीपत जिले से हर गांव से बढ़-चढ़कर भाई शोभायात्रा में शामिल हुए। ब्राह्मण उत्थान परिषद टीम पिछले डेढ़ महीने से इस आयोजन की तैयारी में लगे हुए थे उनकी मेहनत आज रंग लाई । विशेष तौर से भाई प्रदीप प्रदीप अत्री, इंद्र शर्मा, कपिल , जमदग्नि, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, हिमांशु शर्मा, हर्ष शर्मा, राजेश शर्मा वह समस्त ब्राह्मण उत्थान परिषद की टीम बधाई की पात्र है।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया अभियान



सोनीपत। मतदात्ताओं को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- जागरूकता अभियान के दौरान डा. उपासना के नेतृत्व में आशा वर्करों की टीम ने मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार के निर्देशन में लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत 25 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान डा. उपासना के नेतृत्व में आशा वर्करों की टीम ने पटेल नगर, नरेन्द्र नगर तथा विवेकानंद स्कूल में मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें मतदान की शपथ दिलवाई।

डा. उपासना ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को आगामी 25 मई को लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। इसलिए हर मतदाता को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मत का उपयोग करना चाहिए। इस दौरान एसपीओ शीला ने कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। महिलाओं के वोट की भी कीमत पुरुषों के बराबर है।

इस मौके पर दीपक, आशा वर्कर मंजू तथा सरोज सहित अन्य आशा वर्करों की टीम व मतदाता मौजूद रहे।

## माता-पिता से बड़ा हितैषी कोई दूसरा नहीं : गोयल

- लिटल एंजल्स कॉन्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों ने मातृ दिवस पर कविताएं सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-खानपुर कलां मार्ग स्थित लिटिल एंजल्स कान्वेंट स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से अपनी माताओं को नमन किया।

कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी ओमप्रकाश गोयल का रहा। गोयल ने कहा कि इस दुनिया में माता-पिता से बड़ा दूसरा कोई हितैषी नहीं है। जो बच्चे अपनी माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए जीवन में आगे बढ़ते हैं वे कभी विफल नहीं होते। हर बच्चे को अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या कंचन गोयल ने की। संयोजन महक व प्रिया ने किया। प्राचार्या ने कहा कि जीवन में एक मां ही होती है जो अपने बच्चों के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देती है। एक मां के जैसा इस दुनिया में और कोई नहीं है। जीवन में कोई ऐसा काम न करें जिससे माता-पिता को दुख पहुंचे। इस आयोजन में पिंकी गोयल, नैना, मोनिका और गीता का विशेष सहयोग रहा। समारोह में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से अपनी माताओं को नमन किया



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए लिटल एंजल्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी।

### मंडियों में की जा चुकी है 407263 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत।** जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में शनिवार रात तक 407263 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 407263 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 99940 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 192072 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 93718 तथा एफसीआई द्वारा की गई 21533 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केंद्र पर 5789 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 4113 मीट्रिक टन गेंहू खरीदी गई।

## डिप्टी डायरेक्टर ने किया प्रताप स्कूल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

भारतीय खेल प्राधिकरण नार्थ रिजन सैंटर बहालगढ़ सोनीपत के डिप्टी डायरेक्टर आशीष शर्मा व अविनाश ने प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और यहां चल रही खेल गतिविधियों का निरीक्षण किया। प्रताप स्कूल खरखौदा में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया सैंटर स्थापित किया गया है। जिसके अंतर्गत बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, कुश्ती व वुशु खेल को अडोप्ट किया गया है। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल व डॉ सुबोध दहिया ने डिप्टी डायरेक्टर आशीष शर्मा व अविनाश का स्वागत किया। डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि प्रताप स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का संचालन करना व सभी खेलों के लिए उच्च स्तरीय खेल सुविधाएँ उपलब्ध करवाना अपने आप में प्रशंसनीय है। डिप्टी डायरेक्टर आशीष शर्मा ने कहा कि खेलों के उत्थान के लिए खेल विभाग द्वारा जो भी सहायता संभव होगी, वह विद्यालय में दिलाएंगे। खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए विद्यालय में एनआइएस क्वालीफाइड प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है।



खरखौदा। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व प्रबंधन समिति के साथ खेल अधिकारी।



गन्नौर। समाजसेवी एवं पूर्व वार्ड पार्षद अंकिल मल्होत्रा ने सेंटर के संचालक जोगेन्द्र राजपुत रक्तदाताओं का हौसल्ला बढाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान करने से रक्त की कमी नहीं होती : मल्होत्रा

**गन्नौर।** एसआरके स्किल सेंटर में रविवार को एक संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 33 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ समाजसेवी एवं पूर्व वार्ड पार्षद अंकिल मल्होत्रा ने सेंटर के संचालक जोगेन्द्र राजपुत के सहयोग से शिविर का शुभारम्भ किया। अंकित मल्होत्रा ने रक्तादाताओं का हौसल्ला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि हमारे शरीर को लाभ ही मिलता है। इसलिए हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र ने बताया रक्तदान मुहिम को सभी मिलकर एक जन आंदोलन बनाए। इस अवसर पर दिलबाग सिंह, मास्टर पूर्ण सिंह, राकेश पांचाल, मुकेश पांचाल, जसवीर अहलावत, स्वाति ,साक्षी आदि मौजूद थे।

## मां के चरणों में ही चारों धाम : कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जेएलएन किड्स और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गोहाना में मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की।

मुख्य वक्ता स्कूल की प्रबंधक कृष्णा शर्मा ने कहा कि मां के चरणों में ही चारों धाम होते हैं। जीवन में जो बच्चा अपने माता-पिता के सानिध्य में आगे बढ़ता है उसके सामने कोई भी कठिनाई ज्यादा देर तक नहीं टिकती है। कार्यक्रम में पीपी-1 कक्षा से अनन्या, पीपी-2 से सान्या, पीपी-3 से किया और अंकित, कक्षा पहली से गौरांश, कक्षा दूसरी से सीरत और सोनी शर्मा, कक्षा तीसरी से वंश मित्तल और खुशी, कक्षा चौथी से तृषा, कक्षा पांचवी ऑरव, कक्षा छठी कक्षा से कीर्ति, अंशिका कार्तिक और अंशिका, कक्षा 7वीं से ईशा और राम, कक्षा 8वीं से दीक्षा कक्षा 9वीं से अंशु, कक्षा 10वीं से खुशबू, कक्षा 11वीं से इच्छा, और 12वीं से दीप्ति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



गोहाना। अपनी माताओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- मां के चरणों में होती है जन्नत: सचिन शर्मा



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत का बोर्डिंग स्कूल एसोसिएशनऑफ इंडिया का सदस्य बनना तय

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत जल्द ही प्रतिष्ठित बोडिंर्ग स्कूल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएसएआई) का सदस्य बनने जा रहा है, जो दून स्कूल, लॉरेंस स्कूल सनावर, वुडस्टॉक मसूरी, मेयो कॉलेज अजमेर, सिंधिया स्कूल, वेल्हम स्कूल और अन्य शीर्ष बोडिंर्ग स्कूलों जैसे प्रसिद्ध संस्थानों में शामिल हो जाएगा। ये सभी संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में विश्व विख्यात है। विद्यालय निदेशक, धीरज शर्मा ने हाल ही में पाइनग्रोव और लॉरेंस स्कूल में आयोजित एजुकेशन लीडरशिप रिट्रीट 2024 में भाग लिया। उन्होंने बीएसएआई के अध्यक्ष डा. सुमेर सिंह, एजुकेशन वर्ल्ड के सीईओ भाविन शाह, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डा. प्रजापति त्रिवेदी, आयरलैंड में पूर्व भारतीय राजदूत संदीप कुमार, दून स्कूल के प्रिंसिपल डा. जगप्रीत सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सुरेंद्र कुलकर्णी के प्रति आभार प्रकट किया है। विद्यालय में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- वाहनों के कुचलने से क्षतिग्रस्त हुआ शव
- पुलिस ने शव के अवशेषों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया
- मृतक की शिनाख्त में जुटी मुरथल थाना पुलिस

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल थाना क्षेत्र में सड़क पर युवक का शव क्षतिग्रस्त हालत में पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव के अवशेषों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। मृतक की पहचान के प्रयास पुलिस का रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव टेहा गन्नौर निवासी बंटी ने बताया कि वह लोडिंग टैम्पू चलाता है। वह अपने टैम्पू में सब्जी भरकर आजादपुर सब्जी मंडी में जाता है। रात करीब 12.45 बजे दिल्ली से पानीपत रोड पर हरि ढाबा के सामने एक अनजान व्यक्ति के मांस का लोथड़ा सड़क पर पड़ा हुआ था। काफी दूर तक मांस के टुकड़े बिखरे हुए थे। प्राथमिक जांच में ऐसा लगा कि किसी अज्ञात वाहन ने युवक को चपेट में ले लिया है। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल की। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव के टुकड़ों (अवशेषों ) को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस ने शव के अवशेषों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। मृतक की पहचान के प्रयास पुलिस का रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के क्षेत्र में लोगों से संपर्क किया जा रहा है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन ने कहा मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर

# साउथ पॉइंट स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया मदर्स-डे

- विद्यार्थियों ने गानों पर अपनी प्रस्तुति देते हुए किया मां की महिमा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल में मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया। नन्हें बच्चों ने अनेक गीतों और नाटक की प्रस्तुतियां देकर सबको भावुक कर दिया। विद्यार्थियों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इससे पूर्व स्कूल पहुंचने पर विद्यार्थियों ने माताओं का तिलक लगाकर व गुलाब भेंट कर स्वागत किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चैयरमेन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को मां की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि मां भगवान का दिया सबसे अनमोल उपहार है, जिसके सामने दुनिया की हर चीज फीकी पड़ जाती है। उन्होंने सभी को मां का सम्मान करने की सीख दी। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि मातृ दिवस हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। साल 1912 में वेस्ट वर्जीनिया के गवर्नर ने मदर्स डे घोषित किया था। 1914 में अमेरिका के राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मातृत्व को सम्मान देने के लिए एक दिन के रूप में मई में दूसरे रविवार की घोषणा की थी। तभी से इस दिवस को मनाया जाता है। उन्होंने बताया स्कूल में इस दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों व माताओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें टैलेंट हंट, रैंप वॉक सहित अन्य गतिविधियां करवाई गई। जिसमें बच्चों के साथ उनकी मदर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में चयनित मदर्स को विभिन्न खिताबों से नवाजा गया। साउथ पॉइंट के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने बताया कि मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर माना गया है। मां हम सभी के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मां के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। मां के अतुलनीय योगदान के लिए हर साल मातृ दिवस मनाया जाता है। साउथ पॉइंट स्कूल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए जीवन में मां का महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी माताओं का आभार व्यक्त किया।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री के साथ चयनित चयनित मदर्स बच्चों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### इन खिताबों से नवाजी गई मदर्स

| | |
|---|---|
| मिस पंजाब | ज्योति |
| मिस गुजरात | स्वीटी |
| मिस हरियाणा | कीर्ति व प्रीति |
| मिस राजस्थान | रेनू |
| मिस दिल्ली | सोनिका |

## हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी ने किया 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी

# एचके वरिष्ठ मावि कुराड़ की श्रेया ने प्राप्त किए 500 में से 495 अंक

■ बेहतर अंक आने पर प्रधानाचार्य ने छात्रा श्रेया को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एचके बरिष्ठ मावि कुराड़ का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। बेहतर परिणाम आने पर स्कूल के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने मेधावी छात्रों व उनके शिक्षकों को बधाई दी। कुलदीप सिंह ने बताया कि छात्रा श्रेया 495/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि छात्र रजत ने 486/500 अंक प्राप्त करके द्वितीय व कार्तिकेय ने 471/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर शिक्षकों ने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा करवाया और बधाई दी।


गन्नौर। छात्रा श्रेया।

### हिंदू कन्या विद्यालय का शानदार परीक्षा परिणाम

**सोनीपत।** हिंदू कन्या विद्यालय का कक्षा दशम का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुमारी तनिका ने 492(98.4%) अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी भारती व तनिशा ने 489 (97.8%) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। अदिति ने 488 (97.2%) अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 39 छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए व 81 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक लेकर मेरिट प्राप्त की। सभी विद्यार्थियों ने 60% अंक प्राप्त कर दशम कक्षा प्रथम डिवीजन में पास की। अपने शानदार परीक्षा परिणाम को देखकर छात्राएं, अभिभावक-गण ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्राचार्या किरण गुप्ता, सभी अध्यापिकाओं ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अध्यापिका प्रतिभा शर्मा, रेनू अग्रवाल, रेनू गोयल, हरजीत कौर, मोनिका शर्मा, अकाउंटेंट राजेश मित्तल उपस्थित रहे।

### दून स्कूल की छात्रा में 96.8% पाए



**सोनीपत।** हरियाणा बोर्ड की कक्षा 10 के परिणाम के अनुसार दून सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर शिक्षा की दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाई है। स्कूल की छात्रा कौशल्या, जो राजेंद्र प्रसाद की पुत्री हैं, ने अपने परीक्षा में 96.8% अंक प्राप्त किए हैं, जो कुल 500 में 484 अंकों के समान हैं। इस उत्कृष्टता के साथ-साथ, 8 से अधिक छात्र-छात्राएं भी बोर्ड परिणाम में मेरिट अंक प्राप्त किए हैं, जो उनकी मेहनत और प्रतिभा का परिणाम है। स्कूल के 97% छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफलता की ऊंचाइयों को छू रहे हैं, जो उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक गुणवत्ता को प्रमाणित करता है। स्कूल के स्टाफ और प्रबंधन द्वारा सभी छात्रों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी जाती हैं। हम उन सभी छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उनकी सफलता के लिए उनके परिश्रम की सराहना करते हैं। उनका योगदान शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण है।

### आर्य स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

**सोनीपत।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं का 12 मई 2024 को भिवानी बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं का परीक्षा-परिणाम हमेशा की तरह शत-प्रतिशत रहा। छात्रा गरिमा ने 486 (97.2 %)अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा हिमांशी 482 (96.4%) द्वितीय व छात्रा सुभिक्षा 480(96 %) अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। स्कूल में पढ़ने वाली बाकी सभी छात्राएं मैरिट व प्रथम श्रेणी में पास हुई। कंप्यूटर साइंस में अधिकतम अंक 100, गणित में 99, विज्ञान में 99, अंग्रेजी में 98, सामाजिक विज्ञान में 97, शारीरिक शिक्षा में 96, हिन्दी में 95 अंक प्राप्त किए। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधान अजय गर्ग, सचिव सुरेश गुप्ता, मिडिया प्रभारी संजय सिंगला, प्राचार्या सुनीता अहलावत कक्षा अध्यापिका सरला सलुजा, सरोज खुराना, पूजा, नीलम, पूनम ने बच्चों को बधाई दी व उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई।

### संत हरिदास शिक्षा सदन रिढ़ाऊ का 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**खरखौदा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम के अनुसार संत हरिदास शिक्षा सदन रिढ़ाऊ का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 61 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया और 22 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। बाकी विद्यार्थी प्रथम डिवीजन में पास हुए। भारत पुत्र आनंद निवासी रिढ़ाऊ ने 491 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी सोनल 481अंक लेकर दूसरे, नवीन पुत्र राजसिंह और सुधांशु पुत्र राजकुमार ने 456 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। डायरेक्टर सत्यदेव पाराशर के अनुसार बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यही कारण है कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उधर, रिढ़ाऊ गांव की बेटी अंतिमा ने 10वीं कक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक लेकर गहलोत पब्लिक स्कूल महीपुर में टॉप किया है और अपने स्कूल व गांव का नाम रोशन किया है। अंतिमा के पिता आनंद पेशे से शिक्षक हैं और मां अंजुबाला राजनीतिज्ञ हैं।

## बाल कल्याण स्कूल के 16 छात्रों की मेरिट



**गन्नौर।** बाल कल्याण सीनियर सैकेंडरी स्कूल राजलू गढ़ी की हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर छात्रों में खुशी की लहर है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीना ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। 16 छात्रों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम में परनीत सेलवाल ने 495/500 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्रीति ने 488/500 व तृतीय स्थान प्रीति राठी ने 484/500 अंक प्राप्त करके किया। चौथे स्थान पर पलक ने 483/500 अंक प्राप्त किए।

## स्वामी चेतना के 27 छात्र मेरिट में



**गन्नौर।** स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भिवानी बोर्ड का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि छात्रा मोनिका ने 486/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर दिव्या (घसौली) आशी (राजलू गढ़ी) ने 484/500 अंक लेकर द्वितीय, दीपिका (गन्नौर)ने 418/500 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। शर्मा ने बताया कि स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करके अपने परिवार व विद्यालय का नाम गन्नौर में गौरवान्वित किया। उक्त छात्रों के अलावा अन्य सभी विद्यार्थी प्रथम डिविजन में पास हुए। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा व डिपंल शर्मा ने बेहतर परिणाम आने पर स्कूल के मेहनती शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है।

## 98.8 प्रतिशत लेकर छात्रा निशा रही अव्वल


गन्नौर। छात्रा निशा को मिठाई खिलाते हुए उसके परिजन। फोटो : हरिभूमि

■ 20 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और शारीरिक शिक्षा में शतक लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल की प्रबंधक कृष्णा शर्मा, एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा के अनुसार छात्रा निशा पुत्री उमेश ने 98.8 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही। प्रिया पुत्री दिनेश एवं मोनिका पुत्री जय भगवान 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व आयुष पुत्र राजेश ने 97.6 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। 29 विद्यार्थियो ने 90 प्रतिशत और 77 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 20 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और शारीरिक शिक्षा विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वालों में निशा, मोनिका, प्रिया, आयुष ,अंशु, प्रिंस, दीक्षा, इच्छा, योगिता, दिव्या शर्मा, आदित्य, नव्या, स्नेहा, दिशु, रोमित, ईशा,समीर, प्रिंस, भूमि, सायना, आर्यन, अक्षय, रौनक, तनीषा, भूमिका, गुंजन, कीर्ति, तनु और सुनैना शामिल रहे। शिक्षक यशपाल शर्मा, सुशील मलिक, सह निदेशक राजकुमार जांगड़ा, विजय चौहान एवं उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विकास के लिए 400 पार का संकल्प पूरा करें : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ पीएम मोदी 18 मई को करेगें रोड शो

रविवार को भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने दर्जनभर से अधिक गांवो में जनसंपर्क और चौपाल के जरिए मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। मोहन लाल बडौली ने राई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा के दौरान कहा कि, यह चुनाव सिर्फ मोहन लाल बडौली का ही नहीं सोनीपत के हर एक मतदाताओं का चुनाव है, इसलिए सोनीपत के प्रत्येक मतदाताओं को इसमें हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली को 21 हजार और 11 हजार रुपये की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बडौली ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनके सफल नेतृत्व में भारत विकास और सम्मान के नए आयाम पर पहुंचा है। यही कारण है कि आज भारत को पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है इसलिए विकास और सम्मान को सतत जारी रखने के लिए पीएम मोदी के 400 पार संकल्प को हम सभी को मिलकर पूरा करना है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनाना है। सभा को संबोधित करते हुए बताया कि 18 मई को प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी आपसे वोट मांगने आपके बीच आ रहे हैं। मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को बिंधरोली, चितेरा, हलालपुर, खरखौदा, अकबरपुर बरोटा, बड़मलिक, मुकीमपुर, बडोली, पलड़ा, कुंडली, राठधाना स्टेडियम रोड समेत गोहाना विधानसभा क्षेत्र के दोदवा में जनसंपर्क किया।


सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते हुए।

## कांग्रेस के नेतृत्व में होगा सत्ता परिवर्तन : सतपाल ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ मतदाताओं से ब्रह्मचारी ने मांगे वोट

कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने रविवार को अपने चुनावी अभियान को आगे बढ़ाते हुए सोनीपत विधानसभा में दर्जनभर से ज्यादा जनसभाओं को सम्बोधित किया और वोटों की अपील की। इस दौरान खरखौदा विधायक जयवीर वाल्मीकि, सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार और नगर निगम मेयर निखिल मदान विशेष रूप से उनके साथ मौजूद रहे। सतपाल ब्रह्मचारी ने धानक बस्ती, कोट मोहल्ला, जटवाड़ा, ईदगाह, बन्देपुर, बैयांपुर खुर्द, आदर्श नगर, कालूपुर, कबीरपुर, न्यू कालोनी, ऋषिकुंज कालोनी, देवडू रोड और शास्त्री कालोनी में लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को उनके सामने रखा और जन समर्थन की अपील की। ब्रह्मचारी ने कहा कि आज शहरी क्षेत्र में लोग फैमिली आई डी, प्रॉपर्टी आई डी जैसी चीजों से तंग आ चुके हैं और रोजाना सरकारी दफ़्तरों के चक्कर काटने पर मजबूर हैं। आज समाज का हर वर्ग सरकार की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र छिकारा, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, निगम पार्षद सुरेंद्र नय्यर, पार्षद सूर्या दहिया, नीतू दहिया, संजय बड़वासनिया, प्रशांत शर्मा एडवोकेट, पूर्व बार प्रधान स्वीटी शर्मा, सुनील कटारिया, आम आदमी पार्टी नेता विमल किशोर, नकिन मेहरा, ललित खत्री, सुरेश खत्री, काला नंबरदार, उमा शंकर गौतम, अशोक खत्री, मनीष सैनी आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान साथ में अन्य।

## डीबीएम स्कूल के 32 विद्यार्थियों की मेरिट

■ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में डीबीएम स्कूल के मेधावियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत कक्षा 10 वीं की परीक्षा में गांव मदीना स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के एमडी विकास मलिक ने मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या पूजा राणा के अनुसार परीक्षा में स्कूल के मेधावी विद्यार्थी अनुज पुत्र नरेन्द्र ने 97 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंस पुत्र विनोद 95 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और मुस्कान पुत्री पवन ने 94.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। परीक्षा में स्कूल के 54 छात्रों में से 32 छात्रों ने मेरिट सूची में अपना ना दर्ज करवाया। परीक्षा में अच्छे अंक लेकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने खुशी मनाई। एमडी विकास मलिक ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कड़ी मेहनत व लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


गोहाना। खुशी मनाते हुए मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## भगवान परशुराम ने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी : योगेश

■ समाजसेवी योगेश कौशिक ने दो नए कमरों का उद्घाटन किया

**गन्नौर।** शिव ब्राह्मण धर्मशाला गांधीनगर में परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि समाजसेवी योगेश कौशिक, नरेश कौशिक अशोक शर्मा ने शिरकत की। धर्मशाला में पहुंचने पर धर्मशाला के प्रधान पंडित जय भगवान शर्मा, पंडित नरेश शर्मा, पंडित चंद्रपाल वत्स ने अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके उपरांत समाजसेवी योगेश कौशिक ने दो नए कमरों का उद्घाटन किया। अशोक शर्मा ने अपनी रागिनी के माध्यम से परशुराम जी भगवान का गुणगान किया। समाजसेवी योगेश कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा ही अन्याय की लड़ाई लड़ी है। अन्य की लड़ाई में परशुराम शास्त्रों के साथ शस्त्रों का भी इस्तेमाल करते थे। भगवान परशुराम का बचपन का नाम राम था और भगवान शिव ने उन्हें अन्य शक्तियों से लड़ने के लिए फरसा भेंट किया था। तभी से उनका नाम परशुराम पड़ गया। भगवान परशुराम का जन्म अधर्मी,पापी और क्रूर राजाओं का अंत करने के लिये हुआ था. वे हमेशा अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ते रहे। भगवान परशुराम जयंती की हार्दिक बधाई देते हुए योगेश कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम की कृपा से आप सभी के जीवन में यश एवं सम्मान की वृद्धि हो, लोक कल्याण का संकल्प फलीभूत हो, यही प्रार्थना है। इस मौके पर माईराम कौशिक, जय भगवान शर्मा, चंद्रपाल, नरेश कौशिक, एन डी भारद्वाज, शमशेर शर्मा, सुखबीर शर्मा आदि मौजूद थे।


गन्नौर। शिव ब्राह्मण धर्मशाला में अतिथि योगेश कौशिक का स्वागत करते धर्मशाला के पदाधिकारी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### लोकगायक अगवानपुरिया की पुण्यतिथि पर रागिनी कार्यक्रम

# राजकिशन ने अपनी रागनियों से लोगों की सोच बदली

■ देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव अगवानपुर के मैन पार्क में रविवार को लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं पुण्यतिथि पर विशाल रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मंजीत कुमार ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने स्व. राजकिशन अगवानपुरिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कहा कि स्व. राजकिशन ने अपनी रागनियों से हरियाणवी संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाई। उनकी रागनियों में सामाजिक ताना-बाना से लेकर लोगों के लिए एक नई सीख होती थी। उन्होंने अपनी दमदार रागनियों के बलबूते लोगों की सोच को बदलने का काम बखूबी किया। कादियान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करना बेहतर प्रयास है, इससे स्व. राजकिशन हमेशा हमारे बीच जिंदा रहेंगे और युवा पीढ़ी को उनके बारे में जानने को मिलेगा। इस दौरान विभिन्न रागनी कलाकारों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक रागनी के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक अपनी रागिनी से मौजूद जन समूह का दिल जीत लिया। जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम समापन पर आयोजकों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। मंच संचालन सुरेंद्र बैरागी ने बखूबी किया। इस अवसर पर सुभाष मलिक, जगदेव स्वामी, सुंदर, श्रीपाल कोच, हरि पंडित, मदनलाल, मनोज खान, दीपक अगवानपुरिया, रणबीर बड़वासनिया, जितेंद्र पड़ाना अमित समचाना, रमेश कलवड़िया, नितिन त्यागी, परमिन्द्र शर्मा, सुनंदन कुमार आदि मौजूद रहे।


गन्नौर। देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह देते हुए ग्रामीण।

### बिजली कर्मचारी के घर में भड़की आग

**गोहाना।** शनिवार की रात को बलि ब्राह्मणान गांव में एक बिजली कर्मचारी के घर में अचानक आग लग गई। आग से भारी नुकसान हुआ। गनीमत यह हुई कि तब कर्मचारी की पत्नी अपनी पांचों बेटियों के साथ जेठ के घर में गई हुई थी। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका। गोहाना से गई फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग को नियंत्रित किया। अजय पुत्र सतबीर सिंह बिजली निगम में कार्यरत है। उसकी पोस्टिंग सिकंदरपुर माजरा गांव में है। वह बलि ब्राह्मणान गांव में रहता है। रात के 9 बजे उसके घर में अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी, इसकी वजह मालूम नहीं हो सकी। घर के अंदर से धुआं निकलते देख कर पड़ोसियों को आग लगने की जानकारी मिली। पहले गांव के स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया गया। कामयाबी नहीं मिली तो फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा। जहां आग लगी, वहीं गैस चूल्हा और सिलेंडर रखे हुए थे।